गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं.: न दि/गेल/सेक्ट./2020 23.07.2020

| | |
|---|---|
| 1. लिस्टिंग विभाग<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई-400 051 | 2. लिस्टिंग विभाग,<br>बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड<br>फ्लोर 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई-400001 |

प्रिय महोदय,

कृपया **"गेल और कार्बन क्लीन सॉल्यूशन्स ने कम्प्रेस्ड बायोगैस परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए"** संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

कृपया उपर्युक्त आपकी सूचना एवं रिकार्ड के लिए है ।

धन्यवाद,
भवदीय,

कंपनी सचिव
संलग्न: उपर्युक्त के अनुसार

**प्रति:**
ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
मुम्बई-400051

ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

# गेल (इंडिया) लिमिटेड

**प्रेस विज्ञप्ति**

## गेल और कार्बन क्लीन सॉल्यूशन्स ने कम्प्रेस्ड बायोगैस परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली, 23 जुलाई, 2020 :** गेल (इंडिया) लिमिटेड और कार्बन क्लीन सॉल्यूशन्स लिमिटेड (सीसीएलएल) ने भारत में कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) मूल्य श्रृंखला में परियोजना विकास अवसरों की खोज हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों कंपनियों के बीच संयुक्त रूप से सीबीजी परियोजनाओं पर कार्य करके आपसी रणनीतिक साझेदारी बनानी है। गेल और सीसीएसएल सीबीजी मूल्य श्रृंखला में विभिन्न मुद्दों की खोज करेंगे, जैसे कि फीडस्टॉक व्यवस्था के साथ-साथ सबसे कुशल और उच्च दक्षता वाले सीबीजी के उत्पादन हेतु उपयुक्त टेक्नोलॉजी, गैस ऑफ-टेक व्यवस्था, विभिन्न वित्त पोषण मॉडल की खोज, परिवहन, विपणन और सीबीजी का वितरण । । विशिष्ट पेटेंट के द्वारा सीबीजी उत्पादन के लिए सीसीएसएल की प्रमाणित टेक्नोलॉजी और अपशिष्ट कन्वर्जन के संबंध में जानकारी भारत में सीबीजी व्यवसाय के विकास का समर्थन करने के लिए गेल के विज़न हेतु स्वाभाविक रूप से उपयुक्त है ।

एमओयू के माध्यम से सीसीएसएल आरंभिक तौर पर अपने स्वयं के वित्त पोषण, टेक्नोलॉजी और विशेषज्ञता का उपयोग करके चार सीबीजी संयंत्रों का निर्माण करेगा । ये संयंत्र गेल (या इसकी सहयोगी सीजीडी कंपनियों) के साथ 10-वर्षीय सीबीजी ऑफ-टेक करारों पर आधारित होंगे, जो भारत सरकार की सस्ती परिवहन (एसएटीएटी) पहल के लिए सतत विकल्प के अनुरूप ऑफ-टेकर है।

श्री शांतनु रॉय, कार्यकारी निदेशक (व्यापार विकास) ने गेल की ओर से तथा श्री अनिरूद्ध शर्मा, सीईओ, सीसीएसएल ने सीसीएसएल की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्रारंभिक संयंत्रों के पूरा हो जाने पर, गेल और सीसीएसएल भारत में 100 सीबीजी संयंत्रों को विकसित करने के इरादे से साझेदारी को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाएंगे।

श्री शांतनु रॉय ने कहा : "गेल इस एमओयू का हिस्सा बनने पर उत्साहित है जो एमओपी एंड एनजी की सस्ते परिवहन के लिए सतत वैकल्पिक (एसएटीएटी) योजना को बढ़ावा देने और उसका हिस्सा बनने का अवसर प्रदान करता है। भारत में सीबीजी के उत्पादन हेतु बाजार की महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं । सीबीजी परियोजनाएं भारत के ऊर्जा भविष्य के चार स्तंभों को बढ़ावा देंगी - ऊर्जा एक्सेस, ऊर्जा दक्षता, ऊर्जा स्थिरता और ऊर्जा सुरक्षा”।

सीसीएसएल के सीईओ श्री अनिरुद्ध शर्मा ने कहा: “हम गेल के साथ इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए बहुत उत्साहित हैं । भारत में महत्वपूर्ण बायोमास संसाधन हैं और हमारी विशेषज्ञता से यह दोनों कंपनियों के लिए लाभकारी है। जैसे-जैसे ऊर्जा की मांग बढ़ती है और देश अपने क्रूड के आयात को कम करता है तो यह

बडे पैमाने पर  व्यापार का अवसर उपलब्ध कराता है। हम स्वच्छ हरित ईंधन ट्रांजिशन का हिस्सा बनने पर प्रसन्न  हैं। ”

स्वच्छ ऊर्जा ट्रांजिशन हेतु भारत सरकार के सहयोग से यह साझेदारी जैविक अपशिष्ट से सीबीजी के उत्पादन हेतु तकनीकी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जो इस ट्रांजिशन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।

**गेल के बारे में :**

गेल (इंडिया) लिमिटेड भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है जिसमें प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला के व्यापार, संचरण, एलपीजी का उत्पादन एवं संचरण, एलएनजी री-गैसीफिकेशन, पेट्रोकेमिकल्स, शहर गैस, ईएंडपी आदि के क्षेत्र में विविध हित है । यह लगभग 12,200 कि.मी. उच्च दबाव वाली ट्रंक पाइपलाइन नेटवर्क स्वामित्व और प्रचालन करता है। 2021 तक 18000 किमी से अधिक का प्रचालन करने के लिये लगभग 24000 करोड़ रुपये के निवेश से यह 5400 कि.मी. लम्बी विविध पाइपलाइन परियोजनाओं पर समवर्ती रूप से काम कर रहा है। गेल का गैस ट्रांसमिशन में 75% बाजार हिस्सेदारी पर अधिकार है और भारत में 50% से अधिक की गैस ट्रेडिंग की हिस्सेदारी है। शहर गैस वितरण में भी गेल का सुदृढ़ बाजार हिस्सेदारी है। द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) बाजार में, गेल का पोर्टफोलियो विश्व में सबसे बड़े पोर्टफोलियों में से एक है। गेल सौर, पवन और जैव ईंधन जैसे अक्षय ऊर्जा में भी अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। गेल रांची और झारखंड में एमएसडब्ल्यू आधारित सीबीजी संयंत्र की संस्थापना की प्रक्रिया में है ।

*गेल के बारे में जानकारी:* www.gailonline.com

**कार्बन क्लीन सॉल्यूशन्स लिमिटेड के बारे में:**

कार्बन क्लीन सॉल्यूशन्स लिमिटेड (CCSL) औद्योगिक और गैस उपचार अनुप्रयोगों के लिए कम लागत वाली कार्बन डाइऑक्साइड (CO2) पृथक्करण टेक्नोलॉजी में  विश्व में अग्रणी है। मौजूदा तकनीकों की तुलना में कंपनी की पेटेंटेड एपीबीएस टेक्नोलॉजी कार्बन डाइऑक्साइड (CO2) पृथक्करण की लागत और पर्यावरणीय प्रभावों को काफी कम कर देती है। कार्बन क्लीन सॉल्यूशन्स लिमिटेड के अनुसंधान को प्रतिस्पर्धी अनुदान द्वारा वित्त पोषित किया गया था और कंपनी को 2015 में विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम) द्वारा 'टेक्नोलॉजी पायनियर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। यह टेक्नोलॉजी यूके, यूएसए, जर्मनी, भारत, नॉर्वे और नीदरलैंड सहित 10 से अधिक स्थानों में प्रदर्शन स्तर पर प्रमाणित हुई है और यह वर्तमान में भारत के तूतीकोरिन में स्थित विश्व के बृहत औद्योगिक स्तर वाले कार्बन कैप्चर और यूटिलाइजेशन प्लांट में उपयोग में है। कार्बन क्लीन सॉल्यूशन्स लिमिटेड (CCSL) का मुख्यालय लंदन में है तथा यह भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका में भी कार्यालयों का प्रचालन करता  है।

कार्बन क्लीन सॉल्यूशन्स लिमिटेड (CCSL) के बारे में जानकारी: www.carboncleansolutions.com